**COSMO FERRITES LIMITED**
(Govt. of India Recognised Export House)
CIN : L27106HP1985PLC006378
H.O.: 517, 5th Floor, DLF Tower-A, Jasola District Centre, New Delhi-110025 (India)
Ph.: +91-11-49398800
E-mail : sales@cosmoferrites.com Website : www.cosmoferrites.com

**CFR/SE/2024-25/JUL/04** **July 16, 2024**

The Manager (Listing)
BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai-400 001

**Scrip Code: 523100** **Security ID: COSMOFE**

**Sub: Submission of Newspaper Publication for Notice of 38th Annual General Meeting of the Company and information of e-Voting details.**

Dear Sir,

Pursuant to the provisions of Companies Act, 2013 and SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith, copies of the Newspaper Advertisement in respect of Notice of 38th Annual General Meeting of the Company to be held on August 09, 2024 and information of e-Voting details published in “Financial Express” (English) and “Himachal Dastak” (Hindi).

You are requested to take the same on your records.

Thanking You

Yours faithfully
For **Cosmo Ferrites Limited**

NIHARIKA GUPTA
Digitally signed by NIHARIKA GUPTA
Date: 2024.07.16 13:03:56 +05'30'

**Niharika Gupta**
**Company Secretary & Compliance Officer**

***Encl: a/a***

## श्रीखंड महादेव यात्रा के दूसरे दिन 512 यात्रियों ने करवाया पंजीकरण

हिमाचल दस्तक ▮ आनी

**रविवार** से शुरू हुई श्रीखंड महादेव यात्रा के दूसरे दिन शाम 4 बजे तक कुल 512 यात्रियों का पंजीकरण दर्ज किया गया, जिनमें 481 पुरुष और 31 महिला यात्री शामिल रहे। 512 में से 277 यात्रियों का बेसकैंप सिंहगाड में पंजीकरण किया गया, जबकि 235 यात्रियों ने ऑनलाइन पंजीकरण करवा रखा था।

सोमावर को यात्रियों का पंजीकरण पहले दिन की अपेक्षा कम रहा। सोमवार को हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पश्चिमी बंगाल के अलावा तमिलनाडु राज्य का भी एक श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवाकर यात्रा के लिए रवाना हुआ, जबकि एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह के निर्देशानुसार पंजीकरण प्रक्रिया सुबह 5 से शाम 9 बजे तक जारी रहेगी। बेसकैंप सिंहगाड़ से 5 बजे के बाद यात्रियों को आगे जाने की मनाही रहेगी। हर साल प्रशासन श्रीखंड महादेव यात्रा ट्रस्ट द्वारा यात्रा की तिथि तय करता है, जिस दौरान यात्रियों की सुरक्षा की दृष्टि हर तरह का इंतजाम रास्ते में हर पढ़ाव पर रहता है। जहां स्वास्थ्य टीमें, पैरा मेडिकल स्टाफ, पुलिस और होमगार्ड के जवान, रेस्क्यू टीम यात्रियों की सहायता के लिए तत्पर रहती है। उस तय तिथि से पहले या बाद में किसी को भी यात्रा पर जाने की अनुमति नहीं रहती।

# देवता साहिब लक्ष्मी नारायण के जन्मोत्सव की धूम


## दरकाली में ढोल-नगाड़ों की थाप पर दिनभर झूमे श्रद्धालु, देवता के समक्ष नवाया शीश

हिमाचल दस्तक ▮ रामपुर बुशहर

**रामपुर** उपमंडल की दरकाली पंचायत स्थित देवता साहिब लक्ष्मी नारायण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को सुबह से ही ग्रामीण मंदिर में जुटने शुरू हुए और दिन भर ढोल-नगाड़ों की थाप पर ग्रामीण खूब झूमें।

हजारों लोगों ने अपने अधिष्ठाता देवता साहिब के समक्ष शीश नवाया और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद ग्रामीण देवता साहिब के जन्मोत्सव के जश्न में डूब गए। गौर हो कि देवता साहिब लक्ष्मी नारायण दरकाली का जन्मोत्सव हर वर्ष 15 जुलाई को हर्षोल्लास से मनाया जाता है। अपने ईष्ट देवता साहिब के जन्मोत्सव का ग्रामीणों को बेसब्री से इंतजार रहता है। सोमवार को भी ग्रामीण सुबह से ही अपने ईष्ट देवता के दरबार हाजिरी देने पहुंचे। देवता के मंदिर में खूब रौनक रही। ग्रामीणों ने वाद्य यंत्रों की धुनों की जमकर नाटी डाली और अपने ईष्ट देवता का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। देवता साहिब के जन्मोत्सव के अगले दिन दरकाली में दकनौल मेले का आगाज होता है।

देवता साहिब का जन्मोत्सव वर्ष 2009 से मनाया जा रहा है। वर्ष 2008 में देवता साहिब का मंदिर जल गया था। उसके बाद एक वर्ष के रिकॉर्ड समय में ग्रामीणों ने फिर से अपने ईष्ट देवता को तैयार किया। वर्ष 2009 में देवता साहिब अपने मुख्य जगह रोहड़ू स्थित देवीधार से पूरी तरह से बनकर वापस अपने दरकाली क्षेत्र में लौटे। अपने देवता को दोबारा से पहले जैसा देखकर ग्रामीण खासे उत्साहित हुए, जिसके बाद ग्रामीणों ने एलान किया कि इस दिन को हर वर्ष देवता के जन्मोत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। उसके बाद हर वर्ष दकनौल मेले के एक दिन पहले देवता साहिब लक्ष्मी नारायण का जन्मदिन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।



*दरकाली में देवता साहिब लक्ष्मी नारायण का जन्मदिन मनाते ग्रामीण।*

▮ **आज से शुरू होगा दो दिवसीय दकनौल मेला**

**देवता** साहिब का जन्मोत्सव हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया। वहीं, दो दिनों तक सजने वाले मेले की तैयारियां भी पूरी कर ली गई हैं।

**-बहादुर सिंह बदरेल**
प्रधान, मंदिर कमिटी लक्ष्मी नारायण मंदिर, दरकाली।

# फागू में प्रशासन ने शुरू की सेब नियंत्रण कक्ष की सेवाएं

## एसडीएम ठियोग मुकेश शर्मा ने किया शुभारंभ

रोहित सेम्टा ▮ ठियोग

**सेब** सीजन को लेकर फागू सेब नियंत्रण कक्ष को प्रशासन ने शुरू कर दिया है, जबकि नैना को भी कुछ दिन बाद शुरू कर लिया जाएगा। एसडीएम मुकेश शर्मा ठियोग ने सेब नियंत्रण कक्ष का विधिवत शुभारंभ किया है। उन्होंने बताया कि दोनों नियंत्रण कक्षों को 30 अक्तूबर तक चलाया जाएगा।

हालांकि अभी पुलिस बटालियन के न आने से चालकों के आइकार्ड तथा पंजीकरण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है, लेकिन उन्होंने बताया कि 20 जुलाई के बाद अतिरिक्त बटालियन भी पहुंच जाएगी। अभी फिलहाल बागवानी विभाग के अलावा अन्य कर्मचारी कंट्रोल रूम में तैनात कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि इनमें हर विभाग से करीब 10 कर्मचारी दिन व रात ड्यूटी देंगे और यहां से गुजरने वाले हर वाहन की एंट्री तथा चैकिंग होगी। यहां पर कुल 32 कर्मचारी ड्यूटी देंगे, जिनमें 12 प्रशासन की तरफ से 12 ही पुलिस के कर्मचारी आठ उद्यान विभाग की ओर से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण वाले वाहनों के खिलाफ प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करेगा। इस दौरान वाहन चालकों के आइकार्ड गाड़ियों के चेसी नंबर, इंजन नंबर नोट किए जाएंगे, जबकि इसके अलावा नियंत्रण कक्ष में सीसीटीवी कैमरे भी लगेंगे, जो कि हर आने-जाने वाले वाहनों पर नजर रखेंगे।

उन्होंने कहा कि दोनों सेब नियंत्रण कक्षों को सही रूप से चलाने की जिम्मेवारी उनके अलावा नायब तहसीलदार ठियोग को सौंपी गई है, जिनकी देखरेख में यह नियंत्रण कक्ष कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सेब सीजन को लेकर ट्रकों की कमी भी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने किसानों व बागवानों से अपील की है कि तो वह तहसील कार्यालय ठियोग में 01783-238502 तथा सेब नियंत्रण कक्ष फागू में 01783-239434 पर फोन कर सकता है।

### सेब सीजन के लिए बनाई योजना

**सेब** सीजन को लेकर पुलिस ने यातायात को सुचारू रखने के लिए विशेष योजना तैयार की है। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि रिजर्व पुलिस बटालियन की देखरेख में यातायात को चलाया जाएगा। जिनमें से कुछ पुलिस कर्मचारी ठियोग हाटकोटी सड़क पर चिह्नित डेंजर प्वांइट पर भी तैनात किए गए जाएंगे। इनके अलावा कंट्रोल रूम में तथा ठियोग बाजार में भी पुलिस कर्मचारियों को तैनात किया जाएगा, जो कि जाम नहीं लगने देंगे, जबकि इसके अलावा बेलगाम चालकों के खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी।

### मंडियों में सेब का ये चल रहा भाव

**इस** समय फल मंडियों में सेब की टाइडमैन, रेड जून, नाशपाती ने दस्तक दी है। ठियोग की स्थानीय पराला मंडी भी धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रही है। यहां पर इस समय इसके दाम करीब 1000 से दो हजार बताए जा रहे हैं, जबकि नाशपाती इस समय भी 1500 से दो हजार के बीच चल रही है, जबकि टाइडमैन 1500 तक और रेड जून 500 तक बिक रहा है। नाशपाती में मोटी डंडी आठ सौ से 2000 तक बिक रही है, जबकि प्लम में मेरीपोजा 100 से 200 के बीच चार किलो का बक्सा बिक रहा है। सेब सीजन धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ रहा है।

# सड़कों के रखरखाव पर दिया जाएगा विशेष ध्यान

## एसडीएम की अध्यक्षता में फल उत्पादकों व ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक

हिमाचल दस्तक ▮ करसोग

**सेब** सीजन के दृष्टिगत करसोग के फल उत्पादकों और ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक का आयोजन कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार करसोग कैलाश कौंडल की अध्यक्षता में किया गया। सेब सीजन के दृष्टिगत आयोजित की गई बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए एसडीएम ने बताया कि सेब सीजन को मद्देनजर व क्षेत्र के बागवानों की सुविधा के लिए इस बार तहसीलदार की अध्यक्षता में एक कमिटी का गठन किया जाएगा। एसडीएम ने कहा कि कमिटी के अध्यक्ष तहसीलदार करसोग तथा उपाध्यक्ष बागवानी विभाग के एसएमएस (विषय वाद विशेषज्ञ) होंगे। खंड विकास अधिकारी करसोग और खंड विकास अधिकारी चुराग व एसएचओ करसोग को भी इस कमिटी में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा बीडीसी के चेयरमेन, ट्रक ऑपरेटर यूनियन करसोग के अध्यक्ष तथा फल उत्पादक संघ चुराग और सेरी बंगलो के अध्यक्ष इस कमिटी में सदस्य होंगे। उन्होंने कहा कि यदि सेब सीजन के दौरान बागवानों को किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानी आती है तो वह कमिटी के संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकेंगे।

▮ **बागवानों की सुविधा के लिए कमिटी होगी गठित**



*फल उत्पादक और ट्रक ऑपरेटर यूनियन की बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम व तहसीलदार करसोग कैलाश कौंडल।*

### निर्धारित भार करें लोड

**एसडीएम** ने कहा कि सेब सीजन को देखते हुए क्षेत्र की सड़कों के रखरखाव का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि बागवानों को अपनी सेब की फसल मंडियों तक पहुंचाने में कोई परेशानी न आए। सेब सीजन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था सही बनाए रखने के लिए पुलिस का भी सहयोग लिया जाएगा। एसडीएम ने ट्रक ऑपरेटर यूनियन के सदस्यों से आग्रह किया कि वे वाहनों के लिए निर्धारित की गई भार सीमा में ही सामान लोड करें।

### करसोग में 18 हजार मीट्रिक टन सेब के उत्पादन की उम्मीद

**एसडीएम** ने कहा कि यदि वाहन चैकिंग के दौरान किसी वाहन कि क्षमता से अधिक भार उस वाहन में पाया जाता है तो ऐसे वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अम्ल में लाई जाएगी। बागवानी विभाग से विषय वाद विशेषज्ञ जदीश वर्मा ने कहा कि इस बार करसोग में सेब की लगभग 9 लाख पेटी सहित लगभग 18 हजार मीट्रिक टन सेब का उत्पादन होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा बागवानों के लिए इस बार यूनिवर्सल कार्टन की नई व्यवस्था को शुरू किया गया है। इन बॉक्स में सेब की पैकिंग किलो के हिसाब से की जाएगी। यह यूनिवर्सल कार्टन 20 किलो की पैकिंग के हिसाब से तैयार किए गए हैं। उन्होंने करसोग के फल उत्पादकों और बागवानों से आग्रह किया है कि वे सेब की पैकिंग के लिए पूर्व में इस्तेमाल किए जाने वाले टेलिस्कोपिक कार्टन की जगह यूनिवर्सल कार्टन का ही इस्तेमाल करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सेब सीजन के दौरान यदि क्षेत्र के बागवानों को ट्रांसपोर्ट से संबंधित कोई समस्या आती है तो वे विषय विशेषज्ञ उद्यान कार्यालय करसोग में संपर्क स्थापित कर सकते है। बैठक में बागवानी विभाग से विषय वाद विशेषज्ञ जगदीश वर्मा, करसोग के ट्रक ऑपरेटर व क्षेत्र के सेब उत्पादक मौजूद थे।

# कांगल स्कूल में विभिन्न श्रेणियों के 13 पद रिक्त

हिमाचल दस्तक ▮ कुमारसैन

**वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला कांगल में विभिन्न श्रेणियों के 13 पद रिक्त हैं। इसमें एक महत्वपूर्ण पद प्रधानाचार्य का लंबे समय से खाली पड़ा है। इसके अलावा एक पद इतिहास प्रवक्ता, एक पद राजनीतिक शास्त्र, एक पद गणित प्रवक्ता, एक पद कंप्यूटर साइंस, एक फिजिक्स लेक्चर, एक पद केमिस्ट्री, एक पद अकाउंट्स, एक पद बिजनेस स्टडीज लंबे समय से खाली है। इसके अतिरिक्त एक पद टीजीटी मेडिकल, एक पद टीजीटी नॉन मेडिकल, एक पद टीजीटी आर्ट्स और एक पद एलटी का रिक्त है। कांगल स्कूल में कुल 107 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जबकि 10 जमा एक व 10 जमा दो में कुल 30 विद्यार्थी है। यहां पर 10 जमा एक कक्षा में केवल 10 विद्यार्थी और 10 जमा दो कक्षा में 20 विद्यार्थी हैं। नौवीं और दसवीं कक्षा में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगल में 49 विद्यार्थी हैं, जबकि छठी से आठवीं कक्षा तक कुल 27 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। स्कूल प्रबंधक कमिटी की मानें तो स्कूल में अध्यापकों की कमी होने से बच्चों की तादाद यहां पर घट रही है और बच्चे अन्य स्कूलों के लिए पलायन करने लगे हैं। इसके अतिरिक्त उपमंडल कुमारसैन के तहत 14 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं, जिसमें कुल 515 विद्यार्थी शिक्षक ग्रहण कर रहे हैं, जबकि 10 जमा एक में 248 विद्यार्थी और 10 जमा दो में 267 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उधर, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगल के कार्यकारी प्रधानाचार्य ने कहा कि उनके स्कूल में अध्यापकों के 13 पद रिक्त हैं।

जब अध्यापकों के खाली पड़े पदों को लेकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि चरणबध तरीके से अध्यापकों की तैनाती की जा रही है। शिक्षा विभाग इन समस्याओं को हल करने में जुटा है।

## मंत्री जगत सिंह नेगी ने पूह में चल रहे विकास कार्यों को समय पर निपटाने के निर्देश दिए

**रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने सोमवार को किन्नौर जिला के प्रवास के दौरान जिला के रिकांगपिओ स्थित आईटीडीपी भवन के सम्मेलन कक्ष में जल शक्ति विभाग के पूह मंडल के अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंताओं व कनिष्ठ अभियंताओं के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने पूह मंडल में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों की समीक्षा ली तथा अधिकारियों को समयबद्ध सीमा में सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने इस दौरान पूह, स्पीलो, कानम, चांगो व मूरंग पेयजल योजनाओं की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत चर्चा की तथा अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने पर बल दिया ताकि समयबद्ध सीमा में कार्य पूर्ण हो सके तथा पूह विकास खंड में पेयजल की किल्लत से निजात मिल सके। कैबिनेट मंत्री ने रारंग जल निकासी योजना पर विस्तृत चर्चा की और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को ठेकेदारों को नोटिस देने का आह्वान किया, जो कि कार्यों में कोताही बरत रहे हैं तथा वर्तमान प्रदेश सरकार की गुणवत्तापूर्ण विकास कार्यों को पूर्ण करने की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने उपस्थित पंचायत जन-प्रतिनिधियों से सीधा संवाद स्थापित किया और उनकी पेयजल योजनाओं के संदर्भ में संशय दूर किए तथा समयबद्ध सीमा में विकास कार्यों को पूर्ण करने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर पूह जल शक्ति मंडल के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


**कोस्मो फेराइट्स लिमिटेड**
CIN: L27106HP1985PLC006378
पंजी. कार्या.: पी.ओ. जबली, डिस्ट्रि. सोलन, हि.प्र–173209
फोन: 01792-277232, वेबसाइट: www.cosmoferrites.com
ई–मेल: investorservices@cosmoferrites.com

**कंपनी की 38वीं वार्षिक आम बैठक के संबंध में जानकारी**

1. शेयरधारक कृपया नोट करें कि सामान्य परिपत्र सं. 14/2020, 17/2020, 20/2020, 02/2021, 19/2021, 21/2021, 02/2022, 10/2022 और 09/2023 एवं अन्य लागू नियमों और एमसीए, भारत सरकार और सेबी द्वारा जारी परिपत्रों के अनुपालन में बैठक की सूचना में निर्धारित कामकाज के निष्पादन के लिए कंपनी की 38वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024 को अप. 03.00 बजे आईएसटी में विडियो कॉन्फ्रेंस ("वीसी")/अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ("ओएवीएम") सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी।
2. उपरोक्त परिपत्रों के अनुपालन में, वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम की सूचना की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां उन सभी शेयरधारकों को भेजी जाएगी जिनके ई–मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं।
3. **ई–मेल पते पंजीकरण/अद्यतन करने की प्रक्रिया:**
   (i) डिमेट प्रारूप में कंपनी के इक्विटी शेयर धारण करने वाले कंपनी के सदस्यगण जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नही किया है, वे लिंक: https://mailupd.alankit.com पर क्लिक करके और पंजीकरण प्रक्रिया का पालन करके अलंकित एसाइनमेंट्स लिमिटेड के पास अपना ईमेल पंजीकृत करा सकते है। सदस्यों से अनुरोध है कि वे विवरण जैसे डीपीआईडी, क्लाइंट आईडी/फोलियो नं./पैन, मोबाइल नं. एवं ईमेल आईडी दें। किसी भी पूछताछ के लिए सदस्य अलंकित को ईमेल rta@alankit.com पर मेल कर सकते हैं।
   (ii) यह स्पष्ट किया जाता है कि ई–मेल पते के स्थाई पंजीकरण के लिए शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे इलेक्ट्रॉनिक होल्डिंग के संबंध में डिपॉजिटरी प्रतिभागी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करके अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अपना ई–मेल पता पंजीकृत कराएं।
4. 38वीं एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.cosmoferrites.com, स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट अर्थात् बीएसई लिमिटेड www.bseindia.com और सीडीएसएल की वेबसाइट https://www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध होगी।
5. शेयरधारकों के पास इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम की सूचना में निर्धारित कामकाज पर अपना वोट रिमोटली देने का अवसर होगा। डिमेटिरियलाइज्ड प्रारूप, भौतिक प्रारूप में शेयर धारण करने वाले शेयरधारकों एवं ऐसे शेयरधारक जिन्होंने अपने ई–मेल पते पंजीकृत नहीं कराएं है, के लिए रिमोटली वोटिंग की प्रक्रिया शेयरधारकों के लिए सूचना में उपलब्ध कराई जाएगी।
6. 38वीं एजीएम की सूचना लागू नियमों के अनुपालन में उचित समय पर शेयरधारकों को उनके पंजीकृत ई–मेल पते पर भेजी जाएगी।

कृते **कोस्मो फेराइट्स लिमिटेड**
हस्ता/–
निहारिका गुप्ता
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान: नई दिल्ली
तिथि: 16 जुलाई, 2024


# रोहड़ू फार्मेसी कॉलेज के 12 होनहारों ने उत्तीर्ण की राष्ट्रीय स्तरीय जीपैट की परीक्षा

हिमाचल दस्तक ▮ रोहड़ू

**राजकीय** फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू के 12 विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया जीपेट (ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीटूट टेस्ट) की परीक्षा उत्तीर्ण की है। नैशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन्स इन मेडिकल साइंसेज द्वारा आयोजित इस आल इंडिया जीपैट-2024 परीक्षा में लगभग 50 हजार विद्यार्थी उपस्थित हुए।



यह परीक्षा फार्मेसी स्नातकों को उच्चतर शिक्षा (एम. फार्मेसी) प्रोग्राम के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश के लिए सहायता करती है और साथ ही पीएचडी के लिए भी छात्रवृत्ति प्रदान करती है। यह परीक्षा तीन वर्षों के लिए वैध है और जीपेट स्कोर सभी फार्मेसी काउंसिल ऑफइंडिया (पीसीआई) द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों द्वारा स्वीकार किया जाता है। राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू ने अपनी उत्कृष्टता की परंपरा को बनाए रखते हुए पिछले कई वर्षों की तरह इस वर्ष भी इस महाविद्यालय से छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें 12 विद्यार्थियों ने जीपैट-2024 की परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया है, जिसमें तन्वी नेगी (382), गौरव (786), धनप्रीत कौर (938), अरुषि गुप्ता (710), आदिति किमटेटा (1193), प्रीति देवी (2049), शीतल (2487), दीपिका राणा (3114), गुरनीत कौर (3602), अमन ठाकुर (4039), ध्रुव (6069) और रितिका ठाकुर (6872) शामिल हैं। संस्थान के निदेशक/प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) विवेक शर्मा ने इस उपलब्धि के लिए प्रशिक्षुओं, अभिभावकों और संस्थान के सभी अधिकारी व कर्मचारी वर्ग को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता हमारे संस्थान की उच्च शिक्षा मानकों और जीवंत शैक्षणिक वातावरण को दर्शाती है और महाविद्यालय का लक्ष्य सभी विद्यार्थियों को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान करवाना है।

इसके लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने इस जीपैट स्कोर को पीसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त सभी विश्वविद्यालयों और महाविद्यालय में एक महत्वपूर्ण मापदंड माना है। मीडिया प्रभारी रनीव ठाकुर ने जीपैट परीक्षा उत्तीर्ण किए गए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह उपलब्धि पूरे महाविद्यालय के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है।

### युवती की पानी के टैंक में गिरकर डूबने से मौत

**आनी।** आनी पंचायत के शाई गांव की एक 24 वर्षीय युवती की बरगेइधार के समीप पेयजल स्टोर टैंक में डूब कर मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार मृतिका की पहचान रमा देवी (24) पुत्री पूर्ण चंद निवासी गांव शाई के रूप में हुई है। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार युवती गांव के समीप ही कपड़े धोने निकली थी कि अचानक पैर फिसलने से वह बरगेइधार के समीप बने पेयजल स्टोर टैंक में जा गिरी और इसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को सिविल अस्पताल आनी लाया गया, पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### 18 जुलाई को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा श्रीमूल माहूंनाग का प्राकट्य दिवस

**करसोग ।** श्रीमूल माहूंनाग दानवीर कर्ण जी का प्राकट्य दिवस 17 शाम व 18 जुलाई दिन मनाया जा रहा है। हर वर्ष श्रीमूल माहूंनाग के प्राकट्य दिवस के मौके पर रात्रि व दिन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस बार प्राकट्य दिवस पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस बार श्रीमूल माहूंनाग के प्राकट्य दिवस की पूर्व संध्या पर यानी 17 जुलाई शाम टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करेंगे। वहीं, प्राकट्य दिवस के समापन पर कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह शिरकत करेंगे। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर माहूंनाग निवासी व राष्ट्रीय युवा कांग्रेस संयोजक डॉ. केवल शर्मा ने बताया कि श्रीमूल माहूंनाग जी के प्रति लोगों में भारी आस्था है। डॉ. केवल शर्मा ने दोनों मंत्रियों द्वारा निमंत्रण स्वीकार करने के लिए आभार व्यक्त किया है और साथ ही उन्होंने प्रदेश मुख्यमंत्री का भी आभार जताया है।

### पटवारी एवं कानूनगो के जिला काडर को बदलने पर भड़का संघ

**रामपुर बुशहर।** 12 जुलाई को कैबिनेट बैठक में पटवारी और कानूनगो को जिला काडर से राज्य काडर करने का निर्णय लिया गया है। इसको लेकर पटवारी एवं कानूनगो संघ रामपुर भड़क उठा है। संघ ने सोमवार को एसडीएम रामपुर निशांत तोमर के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि इस संबंध में संयुक्त पटवारी एवं कानूनगो महासंघ हिमाचल प्रदेश की आपातकालीन बैठक 13 जुलाई को वर्चुअल माध्यम से राज्य प्रधान सतीश चौधरी की अध्यक्षता में की आयोजित हुई, जिसमें राज्य के समस्त 12 जिलों के जिला प्रतिनिधि शामिल हुए। समस्त जिला के जिला प्रतिनिधियों ने सरकार की ओर से लिए गए निर्णय का कड़ा विरोध जताया है। बैठक में चर्चा के बाद सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि उक्त निर्णय के विरोध में समूचे प्रदेश में प्रत्येक पटवारी और कानूनगो की ओर से सभी प्रकार का ऑनलाइन कार्य एवं व्हाटसऐप ग्रुप (केवल आपदा संबंधित कार्य को छोड़कर) सोमवार से तुरंत प्रभाव से बंद कर दिए जाएंगे। यदि इसके बावजूद भी सरकार द्वारा इस निर्णय को वापस नहीं लिया गया तो 17 जुलाई को जिला कुल्लू में महासंघ की ओर से होने वाली पूर्व निर्धारित राज्य स्तरीय बैठक में इससे भी कड़े निर्णय लिए जाएंगे। इस मौके पर संघ के महासचिव अंकुश ठाकुर, हेमंत कुमार, गिरिधर शर्मा, लोकराज और सुखदेव सहित अन्य मौजूद रहे।

### पटवारी एवं कानूनगो संघ किन्नौर के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**रिकांगपिओ।** जिला संयुक्त पटवारी, कानूनगो संघ किन्नौर का एक प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त किन्नौर के माध्यम से राज्यपाल व मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में संघ ने कहा कि मंत्रीमंडल की बैठक में प्रदेश के पटवारी कानूनगो के जिला संवर्ग को राज्य संवर्ग करने बारे निर्णय प्रदेश के साथ जिला के पटवारी कानूनगो के अपेक्षाओं व हितों के विरुद्ध है। संघ के अध्यक्ष नवीन कुमार ने कहा कि 13 जुलाई को प्रदेश संयुक्त पटवारी कानूनगो महासंघ व किन्नौर संयुक्त पटावारी कानूनगो संघ की वर्चुअल बैठक में एक स्वर में सरकार के उक्त निर्णय को चिंताजनक माना है। उन्होंने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष सतीश चौधरी की अध्यक्षता में प्रदश के सभी जिला के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निर्णय लिया गया कि सरकार के उक्त फैसले के विरोध में समूचे प्रदेश में प्रत्येक पटवारी एवं कानूनगो द्वारा सभी प्रकार के आनलाइन कार्य एवं व्हाट्सऐप ग्रुप (केवल आपदा संबंधी कार्यों को छोड़कर) दिनांक 15 जुलाई से तुरंत बंद कर दिए जाएंगे। इसके बावजूद इस निर्णय को सरकार द्वारा वापस नहीं लिया जाता तो पटवारी व कानूनगो हर स्तर पर आंदोलन करने को विवश होंगे।

# पथ परिवहन निगम रामपुर के कार्यालय के बाहर किसान सभा ने किया धरना-प्रदर्शन

## बस सुविधा न मिलने पर ग्रामीणों को झेलने पड़ रही परेशानियां

हिमाचल दस्तक ▮ रामपुर बुशहर

**रविवार** को बसें न चलने और तुनन के लिए शाम की बस सेवा ठप होने के कारण ग्रामीणों ने किसान सभा के बैनर तले क्षेत्रीय प्रबंधक हिमाचल पथ परिवहन निगम रामपुर के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान सभा निरमंड ब्लॉक के अध्यक्ष देवकी नंद और तुनन पंचायत के पूर्व उपप्रधान रणजीत ठाकुर ने कहा कि तुनन के लिए शाम के समय और सुबह के समय बस सुविधा न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इस समस्या को लेकर कई सरकार और परिवहन विभाग के समक्ष उठाया गया, सिर्फ आश्वासन के सिवाय कुछ नहीं मिला। किसान नेताओं ने कहा कि रविवार को बसें न चलने से आम जनता को परेशानियां पेश आ रही हैं। किसान सभा ने उठाई है कि रविवार के दिन जो भी रूट बंद किए गए हैं, वे सारे पहले की तरह नियमित रूप से चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर किसान सभा और हिमाचल पथ परिवहन के अधिकारी के बीच बातचीत भी हुई है, जिसमें इन मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि आश्वासन दिया गया है कि तुनन बस के लिए विभाग आज सरकार को सूचित कर 10 दिन के अंदर इसका समाधान करने का प्रयास करेगा। वहीं, बैठक में सहमति बनी कि रविवार के दिन सारे रूट पहले की तरह चलाए जाएंगे। बसें भी समय पर भेजी जाएंगी।




*हिमाचल पथ परिवहन निगम रामपुर के कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करते लोग।*

**इस** मौके पर राज स्नेही, पूर्ण ठाकुर, कुलदीप, अमित, संतोष कुमारी, सर्वदयाल, दौलत राज, प्रताप, गुड्डी देवी, कांता देवी, उषा, आशा देवी, विमला, मोहर सिंह, दिलीप और हीरा लाल सहित अन्य मौजूद रहे।